<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>27.08.2026/प्रादेशिक समाचार/1945बजे</u>

<u>"आज के मुख्य समाचार"</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में बने फोरलेन में वाहनों की स्पीड लिमिट 60 से बढ़ाकर 70 किलोमीटर करने पर विचार कर रही सरकार।
- राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के पर्व पर सार्वजनिक अवकाश किया घोषित– महिलाओं को एचआरटीसी की बसों में निशुल्क यात्रा।
- प्रदेश में लॉटरी शुरू करने के राज्य सरकार के फैसले का विपक्ष ने किया विरोध– सरकार का तर्क– एसओपी के साथ शुरू होगी लॉटरी।

**अब समाचार विस्तार से.......................**

<u>प्रधानमंत्री–खेलो इंडिया संवाद</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत के निर्माण में देश की खेल प्रतिभा और युवाशक्ति को जोड़ने का अभियान है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि आज भारत में खेल एक बेहतर करियर और पेशे के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि खेल केवल चैम्पियन बनना ही नहीं सिखाता, बल्कि बेहतर प्रतियोगी बनना भी सिखाता है।

<u>खेलो इंडिया संवाद</u>

इधर प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में भी खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना गया। सिरमौर ज़िला के कालाअंब में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संबोधन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का काम करेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।

वहीं कांगड़ा में आयोजित खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कहा कि ये कार्यक्रम युवाओं व खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा, अनुभव और विचार साझा करने के लिए बेहतर मंच प्रदान कर रहा है।

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में बने फोरलेन में वाहनों की स्पीड लिमिट बढ़ाई जाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक चंद्रशेखर के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी फोर लेन में स्पीड प्रति घंटा 60 किलोमीटर है जिसे बढ़ाकर 70 किलो मीटर प्रति घंटा से अधिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि स्पीड के कारण फोरलेन में कोई दुर्घटना न हो और इसके लिए परिवहन विभाग की तरफ से सर्वे कराया जाएगा। विधायक मलेन्द्र राजन के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला उत्पीड़न मामले पर शिकायत दर्ज करने को लेकर सरकार नया नियम बनाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिकायत को गोपनीय रखने के लिए नियम बनाए जाएंगे ताकि महिलाएं अपनी शिकायत को पूरी तरफ व्यक्त कर सके। विधायक राकेश कालिया के सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान 7 करोड़ 59 लाख 5 हज़ार 4 सौ 79 पर्यटको का आगमन हुआ है।

विधायक बिक्रम सिंह और सुखराम चौधरी के सवाल के लिखित जवाब में सरकार ने जानकारी दी है कि वर्ष 2023 की आपदा के लिए विशेष राहत पैकेज अधिसूचित किया गया था।

**अवकाश**

प्रदेश में रक्षाबंधन के पर्व पर कल 28 अगस्त को सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और शैक्षणिक संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज विधानसभा में ये घोषणा करते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई–बहन के पवित्र प्रेम, विश्वास और भावनाओं से जुड़ा विशेष पर्व है ऐसे में महिलाओं के साथ–साथ पुरूषों को भी अवकाश देने का निर्णय लिया गया है ताकि सभी लोग इस त्यौहार को साथ मिलकर मना सकें। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा रक्षाबंधन के पर्व पर महिलाओं के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा भी मिलेगी। इसके तहत महिलाओं से प्रदेश के भीतर यात्रा करने के लिए सुबह सूर्योदय से लेकर शाम को सूर्यास्त तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**अग्निहोत्री–वक्तव्य**

प्रदेश सरकार ने राज्य में 12 से 15 वर्ष की आयु वाले अनुबंधित यात्री वाहनों यानि कॉन्ट्रेक्ट कैरिज व्हीकल के संचालकों को फिलहाल राहत दी है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कॉन्ट्रेक्ट कैरेज वाहनों की आयु सीमा और वाहनों की फिटनेस जांच को लेकर आज सदन में वक्तव्य के माध्यम से

सरकार का पक्ष स्पष्ट किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार अपने स्तर पर अनुबंधित यात्री वाहनों की आयु सीमा 15 वर्ष नहीं कर सकती और मोटर वाहनों की आयु सीमा निर्धारित करने की शक्ति केन्द्र सरकार के पास है। ऐसे में केन्द्रीय प्रावधान में बदलाव के बिना राज्य स्तर पर आयु सीमा बढ़ाने का निर्णय लेना संभव नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय पर्यटक परमिट के तहत वाहनों की निर्धारित आयु सीमा 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष की गई है और ये व्यवस्था 1 अप्रैल, 2026 से लागू है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्ट्रेक्ट कैरिज ऑपरेटर्स के आग्रह पर, केन्द्र सरकार का अंतिम निर्णय आने तक 12 से 15 वर्ष की आयु वाले ऐसे वाहन, जो प्रदेश की सीमा के भीतर संचालित होते हैं, के चालान न करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

<u>लॉटरी विवाद</u>

प्रदेश में दीपावली से पहले लॉटरी शुरू करने के राज्य सरकार के फैसले को लेकर सियासत गरमा गई है। विपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अपने निजी फायदे के लिए युवाओं को बर्बाद कर रही है। वहीं सरकार ने तर्क दिया है कि प्रदेश में लॉटरी एस.ओ.पी के साथ शुरू की जाएगी। विपक्ष के सवालों पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लॉटरी भाग्य का खेल है और किसी व्यक्ति पर इसे खरीदने की कोई बाध्यता नहीं है। जिसकी इच्छा होगी, वही लॉटरी खरीदेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से इस मुद्दे पर दिए गए पत्र और उठाए गए सवालों पर भी गौर किया जाएगा।

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए नहीं बल्कि अपनी निजी आर्थिकी सुधारने के लिए लॉटरी को फिर से शुरू कर रही है। उन्होंने कहा कि लॉटरी के कारण प्रदेश में पहले भी कई घर बर्बाद हुए और इसी कारण भाजपा सरकार ने इसे बंद किया था। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार युवाओं को बर्बाद करने के लिए लॉटरी शुरू कर रही है।

<u>कार्यशाला</u>

कांगड़ा ज़िला के देहरा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी कुलवंत सिंह पोटन ने नोडल अधिकारियों से मतदाता जागरूकता गतिविधियों को समाज व समुदाय तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज देहरा में ई.एल.सी टू प्वाइंट ओ लर्न डेमोक्रेसी लीड डेमोक्रेसी कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलवंत सिंह पोटन ने लोकतंत्र को अधिक जीवंत व सहभागी बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। कार्यशाला का आयोजन इलेक्शन कानूनगो रीमा ठाकुर व इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रवीण द्वारा किया गया।

<u>'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश में बने फोरलेन में वाहनों की स्पीड लिमिट 60 से बढ़ाकर 70 किलोमीटर करने पर विचार कर रही सरकार।
- राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के पर्व पर सार्वजनिक अवकाश किया घोषित– महिलाओं को एचआरटीसी की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा।
- प्रदेश में लॉटरी शुरू करने के राज्य सरकार के फैसले का विपक्ष ने किया विरोध– सरकार का तर्क– एसओपी के साथ शुरू होगी लॉटरी।